हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 2 मार्च 2026



08 सामुदायिक भवन समाज की एकता का प्रतीक बनेगा : साहू



10 बीहड़ जंगल पार कर ओडिशा सीमा पर बसे गांवों...







आवश्यकता है

कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये

- सेल्समेन-सेल्सगर्ल
- कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
- लेडिस स्टॉफ

आकर्षक वेतन दिया जाएगा

काका होजियरी

गंज रोड, नवापारा (राजिम)

फोन : 9893744470


## खबर संक्षेप

### 35 पौवा शराब जब्त आरोपी रिमांड पर

**अभनपुर।** अभनपुर पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 1 मार्च को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि औद्योगिक क्षेत्र अभनपुर स्थित ओवरब्रिज के नीचे एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री के उद्देश्य से खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सेवा राम मेहर उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम बेलर बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक काले रंग के बैग में रखी 35 पौवा देशी मसाला मदिरा शराब बरामद की गई। पुलिस ने गवाहों के समक्ष शराब जब्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### एक्सीडेंट में अज्ञात व्यक्ति की मौत

**महासमुंद।** तुमगांव से ग्राम कांपा की ओर पैदल जा रहे एक व्यक्ति की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 30 से 35 वर्ष 26 फरवरी को पैदल तुमगांव से ग्राम कांपा की ओर जा रहा था। रात करीब 10 बजे अमावस तिराहा के पहले एनएच 53 रोड तुमगांव पहुंचने पर पीछे से आ रही अज्ञात वाहन के चालक द्वारा पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट में अज्ञात के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई।

### पति पर मारपीट का आरोप

**महासमुंद।** पति पर मारपीट का आरोप लगाते हुए एक महिला ने बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज कराया है। मामला करीब 11 महीने पहले का है। पुलिस को ललिता जैन पति जिनेश जैन (43 साल) ने बताया कि वर्तमान में वह नंदनी खुंदनी जिला दूर्ग छत्ती सढ़ में रहती है। वह अपने पति के साथ 01/04/2025 तक रहती थी। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि उसके पति रोज मारपीट और गाली गलौज कर मारपीट करते रहते थे। फिर किसी बात पर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से मुझे मारा। जब उससे जान बचाकर भागी, तो आरोपी ने फोन को छीन लिया। घटना के 4-5 दिन बाद इसकी जानकारी उसने अपने भाईयों को दी और बागबाहरा थाना मे आवेदन दिया। इस पर थाना बागबाहरा द्वारा काउंसिलिंग के लिए पारिवारिक परामर्श केंद्र भेजा गया था, लेकिन आपराधिक मामला होने से उसने काउंसिलिंग से इनकार किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी पति के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

### चाय दुकान में मारपीट

**महासमुंद।** चाय दुकान में शराब पीने से मना करने पर मारपीट के मामले में बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को यशवंत सोनी ने बताया कि 28 फरवरी की रात उसका भांजा देवा चाय दुकान में बैठा था। लगभग 11 बजे देवा ने उसे फोन कर बताया कि दुकान में तीन लोग आयुश ठाकुर, अक्षय, प्रयांश एवं अक्षय आये और वहां शराब पीना चाह रहे थे, जिन्हें उसने मना किया। इस पर उन लोगों ने आवेश में आकर गाली गलौज कर मारपीट की।

# रसेला में मंगलवार को जलेगी होलिका, बुधवार को रंगों से सराबोर होगा क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

होली प्रेम सद्भाव और आपसी भाईचारे का प्रतीक है, जो सर्दियों को विदा कर बसंत ऋतु का स्वागत करतीं हैं। क्षेत्र में होली का त्योहार रंगों के साथ धीरे-धीरे अपनी मस्ती बिखेर रहा है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार इस बार होलिका दहन और रगवाली होली की तारीखों को लेकर थोड़ी असमंजस की स्थिति थी लेकिन अब यह साफ हो गया है। ग्राम रसेला में मंगलवार रात्रि में होलिका दहन किया जाएगा, और बुधवार को रंगोत्सव मनाया जाएगा। होली त्योहार में लोग आपसी मतभेद भुलाकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते है और खुशियां मनाते हैं। दूकानों में इस बार लोगों में हर्बल रंगों और इको फ्रेंडली गुलाल के प्रति विशेष आकर्षण देखा जा रहा है। बच्चों के लिए विशेष प्रकार की कार्टून, पिचकारियां भी उपलब्ध हैं। बाजार के अलावा घरों में भी गुजिया, पापड़, टेटरी गुरमी, कटवा,एरसा जैसे पारंपरिक व्यंजनों की तैयारियां घरों घर शुरू हो चुकी है,जो उत्सव के माहौल को और बढ़ा रही है। नगाड़ा बनाने वाले ने बताया कि पीढ़ियों से यह काम कर रहे हैं। कड़ी और चमड़े से बनाए जाते हैं, जिन्हें पारंपरिक तरीके से तैयार किया जाता है। पहले लोग होली से 10 -15 दिन पहले नगाड़े खरीद लेते थे लेकिन अब ज्यादातर लोग होली के एक दिन पहले ही खरीदारी कर रहे हैं। हिंदू धर्म में होली का पावन पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है।

## लोगों में हर्बल रंगों और इको फ्रेंडली गुलाल के प्रति विशेष आकर्षण



### बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश

होलिका दहन की अग्नि को बहुत ही पवित्र और ऊर्जा से भरपूर माना गया है, जिसमें हमारे जीवन की नकारात्मकता को दूर करने की शक्ति होती है। होली के पर्व को लेकर हर किसी के मन में उत्साह व उमंग रहता है। यह त्योहार नकारात्मक, घृणा और बुरे विचारों को जलाने का प्रतीक है। हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होलिका दहन का त्योहार मनाया जाता है। होली पर अगर हंसी मजाक ना हो तो होली का मजा ही फीका है। हंसी मजाक से होली का मजा दोगुना हो जाता है। होली पर एक तरफ हम जहां बडो से आशीर्वाद लेते हैं, वहीं दोस्तों से हंसी मजाक करते हैं। इस लिया कहा गया है कि बुरा ना मानो होली है। क्षेत्र में होली त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए क्षेत्रवासियों जुटे हुए हैं।

## कार्रवाई : खुलासा होने पर लौटाए कुछ पैसे, फिर भी लाखों का गबन

# डीसीबी बैंक में 29 लाख की हेराफेरी के आरोप में पूर्व मैनेजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

- पैतृक संपत्ति की राशि पर डाला डाका

गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले डीसीबी बैंक की कुर्रा शाखा में लाखों रुपये के गबन का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बैंक के तत्कालीन मैनेजर उत्कर्ष वर्मा और उनके सहयोगियों पर ग्राहकों के खातों से कूटरचना कर 29 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी पूर्व मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है। शिकायतकर्ता, जो नवापारा के कसेरपारा निवासी हैं, ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2019-20 में अपनी पैतृक संपत्ति बेचकर उन्होंने लगभग 2 करोड़ रुपये डीसीबी बैंक की कुर्रा शाखा में जमा किए थे। यह राशि परिवार के विभिन्न सदस्यों (पुत्रों, माता और बहुओं) के अलग-अलग और संयुक्त खातों में रखी गई थी।

**फर्जी पॉलिसी और लोन का खेल-** आरोप है कि बैंक प्रबंधन द्वारा 20 जुलाई 2020 को आदित्य बिरला लाइफ इंस्योरेंस के नाम से बीमा पॉलिसियां खोली गईं, जिनमें कुल 3.82 लाख रुपये प्रीमियम जमा हुआ। इसके बाद बिना अनुमति 36 अतिरिक्त पॉलिसियां और जारी कर दी गईं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि खातों में दर्ज मोबाइल नंबर बदलकर और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर लोन निकाले गए। बताया गया है कि अलग-अलग खातों से करीब 16.30 लाख रुपये की निकासी की गई। जब राकेश कंसारी लोन के लिए बैंक पहुंचे, तब लेन-देन में गड़बड़ी का खुलासा हुआ।

### थाने में शिकायत जांच की मांग

प्रार्थी ने 28 फरवरी 2026 को थाना गोबरा नवापारा में आवेदन देकर तत्कालीन बैंक मैनेजर उत्कर्ष वर्मा एवं अन्य सहयोगियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी दीपेश जायसवाल ने बताया कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी उत्कर्ष वर्मा एवं उसके साथियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य और आरोप सही पाए जाने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।



### आंशिक वापसी, फिर भी 29 लाख की हेराफेरी का दावा

शिकायत के मुताबिक, मामले की जानकारी उजागर होने के बाद तत्कालीन मैनेजर उत्कर्ष वर्मा ने 10.30 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए लौटाए तथा 4 लाख रुपये नकद दिए। इसके बावजूद 29 लाख रुपये की अमानत में खयानत का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि बाद में राकेश कंसारी की माता के नाम ओवरड्राफ्ट खाता खोलकर 27 लाख रुपये की और हेराफेरी की गई। बिना हस्ताक्षर और अनुमति के लूज चेक के माध्यम से राशि निकालने का भी आरोप है।

# आवंटन अप्राप्त, 12 हजार हितग्राहियों को चार माह से पेंशन नहीं मिली





हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

शासन द्वारा 6 प्रकार का पेंशन प्रदान किया जाता है, जिसमें से तीन राज्य सरकार द्वारा और तीन केंद्र सरकार द्वारा हिस्सेदारी से प्रदान किया जाता है जिसमें से सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन, मुख्यमंत्री पेंशन योजना इन तीनों पेंशन योजना का संचालक राज्य सरकार द्वारा किया जाता है जिनका नियमित भुगतान हो रहा है, किंतु राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन और राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन इन तीनों पेंशन का केंद्रांश की राशि नवम्बर, दिसंबर, जनवरी, फरवरी विगत चार महीने से प्राप्त नहीं हो रहा है, जिसमें विधवा पेंशन में कुल 500 जिसमें 300 राज्य का और 200 केंद्र का, इसी तरह वृद्धावस्था पेंशन 500 इसमें 300 राज्य का 200 केंद्र का दिव्यांग पेंशन 500 जिसमें 300 राज्य का और 200 केंद्र का साथ ही साथ 80 वर्ष से अधिक उम्र हो चुके वृद्ध पेंशन 650 जिसमें 300 राज्य का है 350 केंद्र का है इसमें से राज्य का अंश लगातार प्रदान हो रहा है और केंद्र द्वारा संचालित पेंशन योजना का 4 महीने से प्राप्त है। इस संबंध में अधिकारियों से चर्चा करने पर कहां की केवाईसी पोर्टल में कोई समस्याओं को लेकर केंद्र की राशि प्राप्त नहीं हो पा रही है किंतु राज्य द्वारा अपने हिस्से का पेंशन लगातार वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में समाज कल्याण के अधिकारी ठाकुर को लगातार फोन किया गया किंतु उन्होंने फोन को अटेंड नहीं किया, क्षेत्र के अंतर्गत 74 ग्राम पंचायत में लगभग 12000 पेंशन हितग्राही है।

## ट्रैप कैमरों में कैद हुए दुर्लभ वन्य जीव...







मैनपुर। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के जंगल के भीतर लगाए गए ट्रेप कैमरा में लगातार दुलर्भ वन्य प्राणियों की तस्वीर कैमरे में कैद हो रही है। इस तस्वीर को उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने उपलब्ध कराई है।

# आग लगाकर फंदा बिछा रहे ओडिशा के 3 शिकारी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में वन विभाग की सतर्कता से अवैध शिकार और आगजनी की बड़ी घटना टल गई। मुखबिर की सूचना पर की गई सघन गश्त के दौरान वन अमले ने जंगल में आग लगाकर फंदे बिछा रहे उड़ीसा के तीन युवकों को रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। यह कार्रवाई 28 फरवरी 2026 को उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के अंतर्गत दक्षिण उदंती वन परिक्षेत्र के बंजारीबाहरा बीट, कक्ष क्रमांक 21 (कोर क्षेत्र) में की गई। उस समय दक्षिण उदंती, उत्तर उदंती, इंदागांव-धुरवागुड़ी (बफर) और तारेंगा (बफर) क्षेत्र का वन अमला अवैध शिकार और आगजनी रोकने के लिए संयुक्त गश्त पर था। वन अमले ने मौके पर तीन व्यक्तियों को जंगल में फंदे लगाते और अलग–अलग स्थानों पर आग लगाते पकड़ा। पकड़े गए आरोपी उड़ीसा राज्य के नुआपाड़ा जिले के निवासी हैं जयलाल (35 वर्ष), ग्राम खाडुपानी, थाना बोड़ेन,पनसिंग (22 वर्ष), ग्राम चीतरआमा, रायसिंग (20 वर्ष), ग्राम चीतरआमा, थाना सीनापाली तलाशी के दौरान उनके पास से 5 खरगोश फंदे, 2 जंगली सुअर फंदे, 1 कुल्हाड़ी और 2 माचिस की डिब्बियां बरामद की गईं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 27 फरवरी की शाम लगभग 4.10 बजे उन्होंने फंदे लगाए और माचिस से जंगल के कई हिस्सों में आग लगाई, ताकि वन्यप्राणी आग से बचने के लिए भागें और फंदों में फंस जाएं। 28 फरवरी की सुबह करीब 5 बजे वे फंदों की जांच करने पहुंचे थे, तभी वन अमले ने उन्हें पकड़ लिया। आरोपियों के खिलाफ वन अपराध प्रकरण ⏭ शेष पेज 8 पर

## शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने बीआरसी का लीडरशिप प्रशिक्षण हुआ

# स्कूल लीडर समावेशी प्रथाओं और शैक्षणिक संस्कृति का वाहक होता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

समग्र शिक्षा के अंतर्गत गुणवत्ता शिक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर संचालित कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन हेतु जमीनी स्तर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी के तहत अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के तत्वाधान में प्रदेश के 151 विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों का चार चरणों में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम धमतरी में संपन्न हुआ। जिसमें द्वितीय चरण में गरियाबंद जिले के तीन विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सहित 40 बी आर सी इस प्रशिक्षण में शामिल हुए। इस प्रशिक्षण में एम सुधीश सर एवं चापेकर सर का विशेष मार्गदर्शन मिला। यह प्रशिक्षण शिक्षण गुणवत्ता में सुधार, बाल केंद्रित शिक्षा पद्धति तथा विद्यालय वातावरण को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर प्रतिभागियों को नई शिक्षा नीतियों सीखने के परिणाम तथा कक्षा शिक्षण में नवाचार के महत्व के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने गतिविधि आधारित शिक्षण समूह कार्य और मूल्यांकन की नहीं तकनीकों पर चर्चा की। द्वितीय दिवस पर शिक्षकों को व्यवहारिक अभ्यास कराए गए जिनमें पाठ योजना निर्माण, बच्चों की समझ का आकलन तथा शिक्षण सामग्री के प्रभावी उपयोग पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किया और विभिन्न शैक्षणिक चुनौतियों के समाधान पर विचार विमर्श किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020,राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रुपरेखा मूलभूत चरण के तहत शारीरिक संज्ञानात्मक सामाजिक और भावनात्मक विकास के साथ साथ स्कूल शिक्षा नेतृत्व संस्कृति के एक चालक के रूप में स्कूल लीडर एक मॉडल के रूप में समावेशी प्रथाएं के बारे में जानकारी देते हुए समग्र नेतृत्व भूमिका ब्लाक मैपिंग व एफएलएन उपलब्धि मापन के तरीके के बारे में जानकारी दी गई।

### विशेषज्ञों का मार्गदर्शन



समापन दिवस के अवसर पर प्रशिक्षण का मूल्यांकन किया गया तथा प्रतिभागियों से फीडबैक लिया गया। समापन सत्र में प्रशिक्षकों ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को नई सोच और ऊर्जा प्रदान करते हैं जिससे विद्यार्थियों के सवांर्गीण विकास में सहायता मिलती हैं। इस प्रशिक्षण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर एवं जिला मिशन स्रोत समन्वयक शिवेश शुक्ला का विशेष मार्गदर्शन रहा.वहीं अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के प्रकाश सर, सत्या मैडम, पवन सर एवं दीपा मैडम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर गरियाबंद जिले से विकासखंड सुभाष शर्मा फिंगेश्वर, छन्नू लाल सिन्हा गरियाबंद, प्रेम मारकंडेय छुरा उपस्थित थे।

# फाग गीतों और नगाड़ों की थाप से गूंजा जगन्नाथ मंदिर



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर नगर सहित पूरे विकासखण्ड क्षेत्र में होली पर्व को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। रंगो का यह त्योहार लोगों की जीवन में खुशियां लेकर आता है। मैनपुर अमलीपदर भगवान जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में होली की उत्साह अभी से देखते ही बन रही है। पंड़ित युवराज पाण्डेय नागाड़े की थाप में फाग गीत गाते नजर आ रहे है और उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप व क्षेत्र के वरिष्ठजन व श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में फाग गीत में खुशिया मनाते दिख रहे है। हर वर्ष भगवान जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में होली का पर्व धुम धाम के साथ मनाया जाता है।

खबर संक्षेप



## इंद्र कुमार ने किया क्रिकेट के विजेताओं को सम्मानित

**अभनपुर।** इलेवन टीम के द्वारा क्रिकेट मैच का आयोजन अपने अपने गृह ग्राम में किया। जिसमें समापन अवसर के मुख्य अतिथि विधायक इंद्र कुमार साहू, जनपद उपाध्यक्ष खेलू राम साहू, जिला पंचायत प्रतिनिधि लोकमणी कोसले पूर्व जिला पंचायत सदस्य, सौदागर सोनकर, सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढ़ी, मंडल अध्यक्ष किशोर साहू, पत्रकार ईश्वर साहू, सरपंच टेकारी झाडू राम, पंच कोलर महेश साहू। आयोजन टीम के सभी सदस्य गण खनिज न्यास के सदस्य राघवेंद साहू उपस्थित रहे। प्रथम विजेता सारखी में छछानपैरी इलेवन टीम को एकलाख रुपये और ट्राफी दिया गया। वहीं गोतियार डीह में आयोजित टीम के विजेता हसदा 2 की टीम प्रथम पुरस्कार 15 हजार और ट्राफी एवं द्वितीय पुस्कार नायकर्बांधा की टीम 8 हजार एवं ट्राफी प्राप्त किया।

## रमाकांत को मिली विधि तकनीकी की जिम्मेदारी

**छुईहा बेलर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला ग्रामीण में मोर्चा का गठन प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष राहुल टिकरिया के मार्गदर्शन में रायपुर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष



पिंटू साहू ने मोर्चा का गठन किया जिसमें चंपारन मंडल के ग्राम पोड़ के उपसरपंच व अध्यक्ष उपसरपंच संघ रमाकांत साहू तरीघाट सेंदर को विधि-तकनीकी के सह प्रमुख मनोनित किया गया। जिसमें क्षेत्र के युवा कार्यकर्ता में हर्ष का माहौल है। गोपाल साहू, राकेश, साहू, होमकुमार, भुवन साहू, विनोद साहू, ओमप्रकाश, तोखन यदु, यनेश साहू, भोज सिन्हा, रवि साहू, बुधारू साहू साहित कार्यकर्ता ने साहू को जिला अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

## चंद्रग्रहण के मध्य होली त्योहार

**तेंदूकोना।** 2 मार्च फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि में रात्रिकालीन 1:26 से रात्रि 2:38 तक होलिका दहन होगा। तदुपरांत 3 मार्च का इस साल आंग्ल वर्ष के अनुसार पहला चंद्र ग्रहण होगा, जो भारतवर्ष में प्रत्यक्ष दृश्य मान होगा, जिसका सूतक काल प्रातः 9:07 से प्रारंभ हो जाएगा। ग्रहण का स्पर्श शाम 6:07 को होगा और ग्रहण मोक्ष शाम 6:45 को होगा। इस बार चंद्र ग्रहण का संयोग होलाष्टक के समापन और होलिका दहन के आसपास बन रहा है। इसलिए इसका धार्मिक असर भी पूरे देश में मान्य रहेगा। शास्त्रों के मुताबिक चंद्र ग्रहण का सूतक काल ग्रहण शुरू होने से 9 घंटे पहले लग जाता है। भारत के कई हिस्सों में ग्रहण दिखाई देगा कुछ शहरों में यह चंद्र मिनट के लिए नजर आएगा, भले ही दृश्यता कम हो लेकिन सूतक के नियम पूरे देश में मान्य होंगे सूतक लगते ही मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। इस दौरान पूजा पाठ मूर्ति स्पर्श और भोजन पकाना व खाना वर्जित माना जाता है।

# राजभवन पहुंचे गोद ग्राम बिजली के ग्रामीण, राज्यपाल डेका ने की विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

राजभवन छत्तीसगढ़ स्थित लोक भवन में गोद ग्राम बिजली के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधियों ने माननीय राज्यपाल रमन डेका से मुलाकात कर ग्राम में संचालित विकास कार्यों की जानकारी साझा की। राज्यपाल ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। गौरतलब है कि राज्यपाल ने गरियाबंद जिला, विकासखंड फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम बिजली को गोद लिया है। मुलाकात के दौरान ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, वरिष्ठ नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। राज्यपाल ने ग्रामीणों से कहा कि किसी भी समस्या या आवश्यकता के समाधान हेतु वे सीधे राजभवन कार्यालय से संपर्क करें, ताकि त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। राज्यपाल से मुलाकात के बाद सरपंच श्रीमती पद्मा निषाद, निषाद समाज जिला अध्यक्ष मोती राम निषाद एवं अन्य ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का स्नेह, मार्गदर्शन और सतत निगरानी गांव के विकास को नई दिशा दे रही है। सरपंच श्रीमती पद्मा निषाद ने जानकारी दी कि ग्राम पंचायत में टिन शेड निर्माण, जल संरक्षण के तहत वॉटर हार्वेस्टिंग एवं रिचार्ज पिट निर्माण, नाडेप पद्धति, सामुदायिक जिम स्थापना जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। गांव में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के माध्यम से विभिन्न ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन के तहत रोजगार सृजन के प्रयास जारी हैं। स्कूल में स्मार्ट बोर्ड स्थापना से विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा का लाभ मिल रहा है।

### लोकभवन और संग्रहालय का किया भ्रमण



उपसरपंच रोशन राम पटेल ने कहा कि जब से राज्यपाल ने गांव को गोद लिया है, विकास कार्यों में उल्लेखनीय तेजी आई है। वहीं सरपंच पति ने कहा कि ग्राम पंचायत बिजली एवं मडवाडिही स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं कि राज्यपाल के मार्गदर्शन में निरंतर प्रगति का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। पंचायत एवं ग्रामवासियों की ओर से उन्होंने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने लोक भवन परिसर का अवलोकन किया तथा इसकी कार्यप्रणाली एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधिमंडल को महंत घासीदास मेमोरियल संग्रहालय भी दिखाया गया, जहां उन्होंने प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को नजदीक से जाना। कार्यक्रम में राज्यपाल की उप सचिव निधि साहू भी उपस्थित रहीं। भ्रमण दल में पंचायत प्रतिनिधि, महिला समूह सदस्य, शामिल थी।

**कार्यक्रम :** खोपलीपाठ धाम में विधायक ने सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन

# सामुदायिक भवन समाज की एकता का प्रतीक बनेगा : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटसिवनी (पिपरहट्टा)

क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल ग्राम पंचायत अमलोर स्थित खोपलीपाठ धाम में साहू समाज की दशकों पुरानी मांग अब धरातल पर उतरने जा रही है। साहू समाज परिक्षेत्र सोरिद के लिए भव्य सामुदायिक भवन निर्माण के लिए क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू ने विधि-विधान से भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत खोपलीपठ धाम में विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुई। विधायक रोहित साहू का समाज के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि समाज को संगठित करने और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक सुरक्षित स्थान की आवश्यकता होती है, जिसे यह भवन पूरा करेगा।विधायक ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि वे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन समाज की एकता का प्रतीक बनेगा। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की अन्य मांगों पर भी विचार करने का आश्वासन दिया और कहा कि आज मेरा सौभाग्य है कि मुझे इस पावन धरा पर समाज के भवन का आधारशिला रखने का अवसर मिला। साहू समाज हमेशा से ही कर्मठ और सेवाभावी रहा है। यह भवन आने वाले समय में हमारी युवा पीढ़ी के मार्गदर्शन और सामाजिक चर्चाओं का केंद्र बनेगा। सरकार का लक्ष्य हर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाना है, और यह निर्माण उसी कड़ी का एक हिस्सा है। साहू समाज परिक्षेत्र सोरिद के अध्यक्ष रूपसिंह साहू ने कहा कि हम विधायक जी के अत्यंत आभारी हैं जिन्होंने हमारी मांग को प्राथमिकता दी। लंबे समय से परिक्षेत्र सोरिद के सामाजिक कार्यक्रमों के लिए एक व्यवस्थित भवन की कमी महसूस की जा रही थी। अब हमारे पास अपना स्वयं का भवन होगा, जिससे सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुगमता आएगी।



### बुनियादी सुविधाओं का विस्तार भी हो रहा

जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने कहा कि ग्राम पंचायत अमलोर और खोपलीपठ धाम के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। विधायक जी के प्रयासों से समाज को भवन मिल रहा है और क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार भी हो रहा है। हम आशा करते हैं कि भविष्य में भी इसी तरह विकास के कार्य अनवरत चलते रहेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति लेखराज धुर्वा, जनपद सभापति उत्तरा अशोक पटेल, भेषमति रूपसिंह साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष खड़मा हेमंत सिन्हा, पालेंद्र साहू,राजू साहू, बहुर दीवान, राधेश्याम दिवान, पुसऊ राम ध्रुव, चम्पेश्वर ध्रुव, रोहित कुमार साहू, पार्वती साहू, जयदीप साहू, भानबाई साहू सहित ग्रामवासी तथा साहू समाज के प्रमुखजन उपस्थित रहे।

# भुनेश्वर साहू किसान मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति एव किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर, जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी और जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर के अनुसंसा से किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हलमन सिंह ध्रुवा ने विधायक रोहित साहू की मार्गदर्शन में कार्यसमिति की घोषणा की। भारतीय जनता पार्टी मंडल फिगेंश्वर के सक्रिय कार्यकर्ता भुनेश्वर साहू चैतरा को संगठन द्वारा किसान मोर्चा की कार्यकारिणी में सदस्य नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल देखा गया। भुनेश्वर साहू पुर्व में साहू समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष पद की दायित्व सम्भाल चुके हैं। नवनियुक्त कार्यकारिणी सदस्य ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए वे सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इसी क्रम में उन्होंने क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू से सौजन्य भेंट कर स्नेह प्राप्त किया तथा संगठन में दायित्व दिए जाने पर आभार जताया। विधायक ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए कहा कि पार्टी में समर्पित कार्यकर्ताओं को समय-समय पर अवसर दिया जाता है और किसान हितों के लिए मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, जिला पंचायत सभापति नंदनी कोमल ढीढी, फ़िंगेश्वर मंडल अध्यक्ष मंजू हरित मिंजून साहू, किसान मोर्चा मंत्री रामाधार साहू, महाविद्यालय फिंगेश्वर अध्यक्ष राजु साहू, सरपंच चैतरा गणेशिया रवि साहू, मंडल अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी नवनियुक्त सदस्य को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की बात कही।



# महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष जीना निषाद उपस्थित रहीं। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के सदस्य रोमन साहू, राजू रजक, शिवा साहू, डॉ. फूल जी साहू, अग्नि यादव एवं ईश्वर देवांगन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि श्रीमती जीना निषाद ने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा दी। समारोह में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों, ओजोन परत संरक्षण दिवस के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों तथा एनएसएस शिविर में सक्रिय सहभागिता के लिए विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए अतिथियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का संचालन प्रभावपूर्ण ढंग से किया गया तथा अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री एस. आर. वड्डे ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक पीयूषकांत भारद्वाज ने किया। समारोह उत्साह, गरिमा और प्रेरणादायी वातावरण के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक जीतेन्द्र सिन्हा, एस. आर. वड्डे, डॉ. प्रेमेंद्र उपाध्याय, टिकेश्वर मरकाम, डॉ. अनिता साहा, रमेश लहरे, रजिया सुल्ताना, श्वेता मिश्रा, सरस्वती बेरवंशी, पीयूषकांत भारद्वाज, नंदनी साहू, सुश्री पुष्पलता कँवर ,सुश्री साक्षी मेश्राम समस्त अतिथि व्याख्याता, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।





# विज्ञान दिवस पर सेजेस राजिम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय रामबिशाल पांडे उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर्षोल्लास एवं वैज्ञानिक चेतना के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य बी एल ध्रुव के निर्देशन तथा विज्ञान प्रभारी व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, रसायन के 20 प्रयोग, भौतिकी सिद्धांतों के व्यवहारिक प्रयोग, जीवविज्ञान चित्रकला प्रतियोगिता, अंधविश्वास उन्मूलन आधारित प्रस्तुति कबाड़ से जुगाड़, तथा विज्ञान क्षेत्र के विभिन्न आयामों पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार क्षमता का प्रदर्शन किया। इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का थीम विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत की उत्प्रेरक रहा। जिस पर वक्ता विद्यार्थियों ने विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला वैज्ञानिकों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अंतरिक्ष, चिकित्सा, जैव प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की भूमिका विकसित भारत के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है।साथ ही छात्रों ने आगामी विज्ञान के क्षेत्र में उपयोग होने वाली नई प्रौद्योगिकियों जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता ,रोबोटिक्स, हरित ऊर्जा, अंतरिक्ष तकनीक और जैव प्रौद्योगिकी के महत्व पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा महान वैज्ञानिक डॉ. सी. वी. रमन के योगदान का विशेष उल्लेख किया गया।विद्यार्थियों को बताया गया कि उनके द्वारा खोजे गए रमन प्रभाव के कारण ही 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। उनकी खोज ने भारत को विश्व वैज्ञानिक मानचित्र पर प्रतिष्ठित किया और यह संदेश दिया कि जिज्ञासा, अनुसंधान और समर्पण से असंभव भी संभव हो सकता है। कार्यक्रम में प्राचार्य बी एल ध्रुव, वरिष्ठ व्याख्याता सागर शर्मा, कमल सोनकर, नेहा सिंह, जितेंद्र साहू, सरिता साहू, पुणेन्द्र बाघमार, उपासना भगत, पिंकी तारक, साक्षी चंद्राकर, धृति चंद्राकर, डीकर्ण साहू, की सक्रिय सहभागिता रही। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना, नवाचार एवं महिला सशक्तिकरण के इस प्रयास पर शाला विकास समिति अध्यक्ष सुजाता शर्मा एवं समस्त सदस्यों ने शुभकामनाएँ प्रेषित की है।



# फुलझर में त्रि-दिवसीय श्रीराम चरित मानस यज्ञ का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

1 मार्च से ग्राम फुलझर घटारानी समीपस्थ में 26 फरवरी से 1 मार्च तक तीन दिवसीय श्रीराम चरित्र मानस यज्ञ का भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। धार्मिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल वैदिक विधि-विधान से आहुति दी गई। रामचरितमानस के दोहे और चौपाइयों के मधुर स्वर के बीच संपन्न हुए अनुष्ठान ने पूरे ग्राम को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर यज्ञ में आस्था की आहुति अर्पित की। कार्यक्रम की गरिमा महामंडलेश्वर संत गोवर्धन शरण व्यास एवं उनके शिष्यों के मंत्रोच्चार से और भी बढ़ गई। उनके सान्निध्य में संपन्न यज्ञ ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से अभिभूत किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी तथा जिला पंचायत सदस्य इन्द्रजीत महाड़िक ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। उनके सहयोग से एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिससे ग्राम एवं आसपास के क्षेत्र के अनेक लोगों को स्वास्थ्य परामर्श और उपचार का लाभ प्राप्त हुआ। आयोजन की सफलता में ग्राम विकास समिति एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन समिति में डीहू राम साहू, रुपेश कुमार ध्रुव, सरपंच संतोष कुमार दीवान, तारण सिंह ध्रुव, हेमलाल यादव, हरिश्चन्द्र तारक, भागी राम दीवान, ईश्वर यादव, महेश कुमार तारक, संतु राम ध्रुव, फगेश्वर साहू, गौकरण मानिकपुरी, सुमिरण गिरी गोस्वामी, रामचंद दीवान, रेखराज साहू, कला राम साहू, नारद गिरि गोस्वामी एवं सोनू राम यादव सहित अनेक ग्रामवासियों ने सक्रिय योगदान दिया। सामूहिक सहयोग और श्रद्धा के भाव से संपन्न यह तीन दिवसीय यज्ञ ग्राम फुलझर घटारानी की धार्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर उभरा।



पेज 7 का शेष...

### आग लगाकर फंदा...

क्रमांक 44/21 दिनांक 28.02.2026 दर्ज किया गया है। सहायक परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को 28 फरवरी 2026 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के आदेश पर तीनों को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जिला जेल गरियाबंद भेज दिया गया है। अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्रवाई.. यह पूरी कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई। अभियान में अरुण पाण्डेय (पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ, रायपुर), सतोविशा समाजदार (सीसीएफ वाइल्ड लाइफ, रायपुर) तथा वरुण जैन (उपनिदेशक, उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व) का मार्गदर्शन रहा। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि टाइगर रिजर्व में अवैध शिकार और आगजनी जैसी गतिविधियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। नियमित गश्त और खुफिया तंत्र को और मजबूत किया जा रहा है, ताकि वन्यजीवों और जंगल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला-गरियाबंद, मो.: 79871-24123

## खबर संक्षेप



### विधायक शादी समारोह में जमकर थिरके

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के दौरे पर पहुंचे बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव रविवार को कई सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान ग्राम कोकड़ी में शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे विधायक जनक ध्रुव ने परिवार साथ आदिवासी नृत्य में जमकर थिरके विधायक जनक ध्रुव को नाचते देख ग्रामीण और युवाओं में भी उत्साह देखने को मिला और सभी लोग थिरकने लगे।

### प्रदेश की साय सरकार किसान हितैषीः नरोत्तम

**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री नरोत्तम साहू ने होली से पूर्व प्रदेश के 25 लाख से ज्यादा किसानों को



धान विक्रय मूल्य की अंतर राशि का एक साथ और एकमुश्त भुगतान करने के राज्य सरकार की पहल का स्वागत करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में ऐतिहासिक कदम उठाया है, श्री साहू ने इसे किसानों के लिए होली का एक बड़ा उपहार बताते हुए कहा कि सरकार ने होली से पहले भुगतान करने का अपना वादा पूरा किया है। उन्होने अंतर राशि प्राप्त करने वाले सभी किसान भाइयों को बधाई दी और कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करती है। प्रदेश सरकार का यह निर्णय मोदी की गारंटी और साय सरकार के सुशासन का प्रतीक है।

### साय सरकार के निर्णय से किसानी को संबल मिला

**अभनपुर।** विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार ने होली से पहले प्रदेश के 25 लाख 28 हजार किसानों के खातों में धान खरीदी की अंतर राशि के रूप में 10,324 करोड़ रुपये की एकमुश्त राशि जारी की। राशि जारी होते ही किसानों में उत्साह का माहौल देखा गया। भाजपा नेता एवं सरपंच नेहरू लाल साहू ने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों का परिश्रम ही प्रदेश की समृद्धि की नींव है। उन्होंने कहा कि होली के पावन अवसर पर अंतर राशि का भुगतान कर सरकार ने किसान परिवारों की खुशियों को दुगुना कर दिया है।

---

**महुआ संग्रहण : राजापड़ाव गौरगांव ग्रामीण इलाके के गांवों में पेड़ों से बरस रहा पीला सोना**

# वनांचल में बिखरी पीले सोने की महक जिले के जंगलों में महुआ संग्रहण शुरू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

छत्तीसगढ़ प्रदेश में सबसे पहले राजापड़ाव गौरगांव एवं ओड़िसा सीमा देवभोग क्षेत्र में महुआ की संग्रहण प्रारंभ होता है। अभी से इस क्षेत्र के ग्रामों में ग्रामीण महुआ एकत्र करने लग गए है इसके पिछे मुख्य कारण अत्यधिक तपिस और उमस वाले क्षेत्र में महुंआ तेजी से पेड़ से टपकता है आपको जानकर आश्चर्य होगा कि छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में वनोपज का बहुमूल्य योगदान होता है जिसमें महुआ फूल सर्वाधिक महत्वपूर्ण है अकेले महुआ फूल का कारोबार छत्तीसगढ़ में अरबो रुपए का होता है इससे ही महुआ फूल की महत्ता का एहसास हो जाता है। इन दिनों छत्तीसगढ़ में इस फूल की बहार छाई हुई है कहीं तो यह फूल निकलकर बाजारों तक पहुंच गया है तो कहीं बाजार तक पहुंचने का व्यवसायी इंतजार कर रहे रहे हैं मैनपुर, बिन्द्रानवागढ़, गरियाबंद, देवभोग, अमलीपदर, छुरा, कोमाखान, बस्तर में ये महुआ बाजार में 40 – 45 रुपये किलो शुरू में किमत आने की उम्मीद है क्योंकि अभी तक महुआ बाजार में पहुंचा नही है ग्रामीण एकत्र करने लगे है। एक स्थिति स्पष्ट है कि महुआ के आवक और मूल्यों के उतार-चढ़ाव का अच्छे-अच्छे जानकार अंदाज नहीं लगा पा रहे हैं ऐसा कहा जाता है कि छत्तीसगढ़ का महुआ, बाजार पूरी तरह बिहार की खरीदी–बिक्री पर निर्भर करता है इसका सही अनुमान मार्च के अंतिम और अप्रैल के प्रथम सप्ताह में ही लगता है तब ही व्यवसायी संग्रहण की मात्र तय करते हैं। छत्तीसगढ़ के वनांच्छादित क्षेत्रों में महुआ की फसल काफी महत्व रखता है।

छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचलों में महुए की मांग हमेशा बनी रहती है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के साथ ही शहरी क्षेत्र के लोग भी इसकी पहली उतरती का स्वाद लेने बेताब रहते हैं। आधुनिक परिवेश में महुए की शराब को स्वादिष्ट बनाने के लिए इसमें इलाचयी और सौफ भी कूटकर डालने लगे हैं जिससे इसका स्वाद बढ़ता है व तेजी कम होती है और देर तक नशा छाये रहता है। दरअसल ग्रामीण क्षेत्रें में जहां विदेशी शराब आसानी से उपलब्ध नहीं होता व कीमत अधिक होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रें में आसानी से सुलभ होने के कारण महुआ शराब की खपत लगातार बढ़ रही है और यह पूरी तरह महुआ पर ही निर्भर है। ग्रामीणजन प्रातः 05 बजे से जंगलों की ओर निकल जाते हैं और 11 बजे तक दो-दो टुकनी (लगभग 20 किलो) एक-एक ग्रामीण लेते आता है इनमें बच्चो की संख्या अधिक होती है। परीक्षा के उपरांत एक-एक बच्चा एक-एक दिन में 400-400 रुपए मूल्य का महुआ एकत्र कर लेता है और यही सीजन लगभग डेढ़ से दो माह का होता है। महुआ को घर में लाकर धूप में हल्क–फुल्का सुखाया जाता है और व्यवसायियों तक बेच दिया जाता है. इस तरह एक सीजन में एक परिवार 25 से 30 हजार रुपए तक एकत्र कर लेता है. व्यवसायी इस महुआ को अपने फड़ों में इसे 2 से 3 दिन तक धूप में सुखाकर डेढ़ से दो रुपया अधिक प्राप्त कर शहरों में बेच देते हैं। महुआ व्यवसायी से चर्चा करने पर वे कहते है पूर्व वर्ष के कड़वे अनुभव को के देखते हुए इस वर्ष व्यवसायी काफी सोच–समझकर महुआ को बिक्री को खरीदी कर रहे है हालांकि कि फसल इस वर्ष अच्छा होने की उम्मदी है।

#### जिले के जंगल में पीला सोना की बहार

छत्तीसगढ़ प्रदेश के गरियाबंद जिले के शोभा, गौरगांव, इंदागांव, धुरवागुड़ी, अमलीपदर, गोहरापदर, उरमाल, देवभोग, चांदाहंडी के इलाके में इन दिनों पीला सोना कहलाने वाले महुआ फुल की बहार आई है। इन फूलों को एकत्र करने वालो के चेहरे भी खिले हुए नजर आ रहे हालाकि अभी महुआ बाजार में पहुंचा नही है लेकिन ग्रामीण एकत्र करने लग गए है और अधिकांश क्षेत्र में अभी महुआ अभी ठीक से आया भी नहीं है।



#### तापमान में बढ़ोत्तरी से महुआ की पैदावार में इजाफा

महुआ फूल की आवक पूरी तरह गर्मी पर निर्भर करता है जितनी तेज धूप और गर्मी बढ़ेगी महुआ का पैदावार उतना अधिक होगा। तब फूलों को पेड़ों से तोड़ने की आवश्यकता नहीं होती अपने आप गर्मी बढ़ने के साथ वह पेड़ों से टपकता है। संग्राहकों को इसे मात्र उठाकर अपने टुकने में डालना होता है। कम मेहनत की वजह से ग्रामीण बच्चों को इस काम में अधिक लगाते हैं। महुआ सीजन में अधिकतर भालू के आक्रमण के समाचार अधिक मिलते हैं क्योंकि भालू भी इस फूल का सेवन करने के शौकीन हैं इसलिए वे मानव को अपनी पसंदीदी फूल को ले जाते देख या सामने देख उस पर आक्रमण कर देते हैं।

---

## विधायक ने किया कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)**

छुरा विकास खण्ड के अंतिम छोर ग्राम पंचायत कनेसर एवं आश्रित ग्राम जुनवानी में रविवार को जुनवानी में समुदायिक भवन एवं सी सी रोड का लोकार्पण एवं भूमिपुजन किया गया, तत्पश्चात ग्राम कनेसर के स्कूल प्रांगण में नवनिर्मित रंगमंच का लोकार्पण मुख्य अतिथ रोहित साहू विधायक-राजिम विधानसभा, अध्यक्षता मीरा-वेशनायण ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, विशेष अतिथि शिवांगी चतुर्वेदी जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद, अवध राम साहू जनपद सदस्य छुरा,हेमन्त सिन्हा मंडल अध्यक्ष खड़मा, पंकज निर्मलकर जनपद सदस्य छुरा,यागेश कुमार ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत कनेसर, लता-मुलचंद साहू उपसरपंच शंदिप पाण्डेय जिला किसान मोर्चा महामंत्री की उपस्थिति में किया गया, इस अवसर पर समस्त ग्रामवासीयों द्वारा मुख्य अतिथियों का भव्य स्वागत बाजा गाजा पटाखे फोड़ कर नाचते गाते किया गया। तत्पश्चात रंगमंच का लोकार्पण कर छत्तीसगढ़ महतारी एवं भारत माता की पुजा अर्चना कर सभा का शुभारंभ किया गया जहां सभी अतिथियों का फुलमाल श्रीफल साल भेट कर सम्मानित किया गया,और उद्बोधन कार्यक्रम हुआ जहां सभी अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार श्री विष्णुदेव साय जी के विकास कार्यों का भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए गांव की विभिन्न समस्याओं का अवगत कराया गया जहां ग्राम कनेसर से गंगई मंदिर बोईरगांव पहुंच सड़क मार्ग जो कनेसर से मुख्य मार्ग सुगम है जिसको पक्का सड़क करने के लिए कई वर्षों से मांग किया जा रहा है।जिसका अभी तक घोषणा करते आ रहे हैं लेकिन किसी ने स्वीकृति नहीं कराई गई, गांव में मोबाइल टावर की समस्या, स्कूल छात्राओं को बारीश के दिनों में कीचड़ भरी रास्ते से होकर गुजरनी पड़ती हैं उस गली में सी सी रोड, महिलाओं के लिए समुदायिक भवन आदि आदि समस्याओं से मुख्य अतिथि को अवगत कराया गया।जिस पर मुख्य अतिथि रोहित साहू ने अपने उद्बोधन में सर्व प्रथम कार्यक्रम में उपस्थित समस्त ग्रामवासीयों एवं आय कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में श्री विष्णुदेव साय की सरकार बनाई जिससे पुरे छत्तीसगढ़ में कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत प्रदेश के 25 लाख 28 हजार किसानों के खातों में धान खरीदी की अंतर राशि के रूप 28 फरवरी को सभी किसानों के खाते में जमा कराई गई जिससे सभी अच्छे से होली की खुशियां सभी किसानों के घरों में मनायेंगे।इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि विष्णुदेव साय सुशासन की सरकार में राजिम विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे गरियाबंद जिले में चहुंमुखी विकास हो रहा है। किसानों के हित में पारदर्शी धान खरीदी, समय पर भुगतान और कृषि सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के खातों में सीधे अंतर राशि का भुगतान सरकार की किसान-हितैषी सोच को दर्शाता है और इससे किसानों को आर्थिक संबल मिलेगा। साथ ही क्षेत्र में सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े विकास कार्य तेज़ी से आगे बढ़ रहे।



### बिरकोनी में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा 8 से

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में 8 मार्च से 15 मार्च तक श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन पटेल परिवार द्वारा किया जाएगा। कथावाचक पंडित लक्ष्मीनारायण महाराज रामजानकी मंदिर बिरकोनी वाले यज्ञाचार्य पंडित देवेंद्र महाराज ब्रम्हचर्य विद्यापीठ राजिम व परायण कर्ता खिलेश शर्मा राजिम प्रयाग वाले करेंगे। 8 को जल यात्रा, देवप्रतिष्ठा, गौकर्ण पूजा एवं कथा प्रारंभ, 9 को राजा प्ररिक्षित जन्म, कपिल देव एवं ध्रुव चरित्र, 10 को गजेंद्र मोक्ष, भगवान नरसिंग नाथ अवतार, 11 को वामन अवतार, राम कृष्ण अवतार, 12 को कृष्ण जन्म एवं बाल लीला व रूखमणि मंगल विवाह, 13 को सुदामा चरित्र, 14 को परीक्षित मोक्ष, तुलसीवर्षा शोभायात्रा, 15 को भागवत गीता प्रवचन, यज्ञ का पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी वितरण होगा। प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 2 से सांध्य तक होगा। आयोजक रामप्रसाद पटेल, रामसिंग पटेल कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं और सभी श्रद्धालुओं को कथा श्रवण का आनन्द लेने की अपील की हैं। उक्त जानकारी बलराम पटेल ने दी।



## 70 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम**

शहर में विधायक इंद्रकुमार साहू, नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, सभापति एवं पार्षदों के करकमलों से 70 लाख रुपए के विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया गया। नगर के सदर बाजार स्कूल, बगदेही स्कूल में प्रार्थना के लिए टीन शेड, साहनी समाज में टीन शेड निर्माण की आधारशिला रखी गई। शहर के प्राचीन शीतला तालाब में दशगात्र शेड एवं वार्ड क्रमांक 20 में डामरीकरण एवं पेवर लगाए जाने के लिए भूमिपूजन किया गया। नगर के ऋषिदास वैष्णव सामुदायिक भवन आयोजित कार्यक्रम में 79 हितग्राहियों प्रधानमंत्री आवास के लिए भवन अनुज्ञा वितरित किया गया। होली के अवसर पर गरीबों को पक्के मकान बनाने के लिए अनुज्ञा पत्र मिलने से हितग्राहियों में काफी खुशी थी। इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत लोगो को पक्के मकान देने के लिए सरकार वचनबद्ध है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकास के कार्य तेज गति से किए जा रहे है। भूमिपूजन एवं भवन अनुज्ञा वितरण के अवसर पर नगर पालिका में पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, संजीव टिंकू सोनी, सभापति सचिन सचदेव, रवि साहू, सहदेव कंसारी, पूजा कंसारी, निर्मला-धीरज साहू, पार्षद नम्मु ध्रुव, जीना निषाद, बाबी चावला, महिला मोर्चा अध्यक्ष धनमती साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित मेघवानी, मुकुंद मेश्राम, टिंकू सोनी, योगिता सिन्हा, हर्षा कंसारी, गीता राजपूत मौजूद थे।

---

**ग्राम गेदराबेड़ा, लाटापारा में विकास कार्यो के लिए किया भूमिपूजन**

## बीहड़ जंगल पार कर ओडिशा सीमा पर बसे गांवों में पहुंचे जनक ध्रुव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के बिहड़ जंगल और ओड़िसा सीमा में बसे ग्राम पंचायत गौरगांव के आश्रित ग्राम गेदराबेड़ा एवं लाटापारा में 25 वर्षों बाद पहली बार रविवार को बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव सुबह 11 बजे पहुंचे तो ग्रामीणों की खुशी का ठीकाना न रहा। ग्रामीणों ने अपने बीच विधायक को पाकर खुशी से गदगद हो गए और गाजे बाजे और पारम्पारिक रूप से ऐतिहासिक स्वागत किया। लगभग 1 कि.मी. दूर से स्वागत कर पैदल कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे जहां विधायक जनक ध्रुव ने रंगमंच भवन निर्माण के लिए विधिवत पूजा अर्चना कर भुमि पूजन किया। पश्चात सभा का आयोजन किया गया जिसमें पूरे ग्राम सहित आसपास दर्जन भर के ग्रामों से सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण महिला पुरूश शामिल होने पहुंचे। गौरगांव के सरपंच चिमन नेताम ने अपने स्वागत संबोधन में कहा 25 साल बाद पहलीबार हमारे इस क्षेत्र के ओड़िसा सीमा से लगे गांव गेदराबेड़ा और लाटापारा में विधायक जनक धुरव पहुंचे है जिससे इस क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी खुशी देखने को मिल रही है इस दौरान उन्होने कई समस्याओं से अवगत कराया। आयोजित कार्यक्रम कों संबोधित करते बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा मैं पिछले दो वर्षो से इस क्षेत्र के सभी ग्रामों में आना चाहता हूं लेकिन पुलिस प्रशासन अनुमति नहीं मिल रही थी आज मेरे क्षेत्र के लोगों के बीच पहुंचकर बहुत खुशी हो रही है। उन्होने कहा की आने वाले वर्ष तक गौरगांव से लाटापारा तक पक्की सड़क का निर्माण किया जायेगा बारिश के दिनों में इस क्षेत्र के लोगों को आने- जाने में भारी परेशानी होती है।



#### श्रीराम मरकाम के नेतृत्व में कई लोगों ने किया कांग्रेस प्रवेश

बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव के सामने ग्राम लाटापारा में पूर्व जनपद सदस्य श्रीराम मरकाम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कांग्रेस प्रवेश किया और कहा जनक ध्रुव पहले विधायक है जो इस बिहड़ जंगल के गांव में पहुचे है और ग्रामीणों के समस्याओं को सुन रहे है इस दौरान श्रीराम मरकाम एवं कांग्रेस प्रवेश करने वाले लोगो का गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, ब्लाक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, निहाल नेताम, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, सरपंच चिमन नेताम, जनपद सदस्य रमुलाबाई मरकाम, मंडल अध्यक्ष भुने"वर नेगी, सानबाई मंडावी, हरिशचंद मंडावी, महेश मरकाम, सरपंच शंकर नेताम,भानु नेताम, रामनाथ नेताम, निरंजन नेताम, रामलाल सोरी, चरण कुंजाम, सम्मत मंडावी, प्रभु वि"वकार्मा, लच्छु मंडावी, गोकुल राम मरकाम, कुंवर सिंह परदे, विष्णु नेताम, तिलक राम मरकाम, शिवकुमार एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ब्लाक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव ने किया।

## धर्म के मार्ग पर अडिग रहने से हर प्रकार के विपत्ति का होता है अंत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

आदर्श ग्राम पंचायत हरदीभाठा में आदर्श होली महोत्सव के उपलक्ष्य में सायंकालीन दीपोत्सव एवं दीपयज्ञ का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर माता गायत्री, नरसिंह नाथ भगवान एवं भक्त प्रह्लाद की विधिवत अर्चना की। संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा एवं भक्ति रस से सराबोर रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सवितानंद साहू जी ने धर्म एवं आदर्श होली के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि सत्य की असत्य पर विजय,



भक्ति की शक्ति और समाज में प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे को सुदृढ़ करने का प्रतीक है। भक्त प्रह्लाद की अटूट श्रद्धा और भगवान नरसिंह की कृपा का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि धर्म के मार्ग पर अडिग रहने से हर प्रकार की विपत्ति का अंत होता है। साहू जी ने विशेष रूप से नशामुक्त, शालीन एवं सादगीपूर्ण होली मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक होली का उद्देश्य समाज में सकारात्मकता, नैतिकता और संस्कारों की स्थापना करना है। युवाओं को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के अनुरूप आचरण अपनाने की प्रेरणा दी गई। ग्राम के समस्त सयानो एवं युवाओं ने सादगीपूर्ण एवं आदर्श होली मनाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर सवितानंद साहू, राजकुमार सोनवानी, महेंद्र पटेल, रोशन पटेल, भावेश साहू, सुखराम निर्मलकर, दीपक शर्मा, वरुण पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामजन, माताएं, बहनें एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना एवं मंगलकामनाओं के साथ हुआ।

